NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No : 81/NCRES/19 Date : 07.03.2019

श्रीमान प्रधान मुख्य परिचालन प्रबन्धक
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, इलाहाबाद

विषयः- इलाहाबाद मंडल का नैनी ''जब'' केबिन गेट संख्या 35R को शिफ्ट करने के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः– NCRES पी.एन.एम. मद संख्या 18/05/2018

महोदय,

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में NCRES ने अपने पी.एन.एम. मद संख्या 18/05/2018 के द्वारा नैनी जब केबिन के गेट संख्या 35R की भौगोलिक स्थिति के कारण अक्सर गेट के घंटों बंद रहने से रेलवे कालोनी में रह रहे रेल कर्मचारियों, उनके परिवारों एवं विशेषकर छोटे–छोटे स्कूली बच्चों को हो रही परेशानी के विषय में अवगत कराया था और उक्त गेट को स्टार्टर सिगनल संख्या 8 के 120 मीटर आगे शिफ्ट कराने की मांग की थी।

यह भी अवगत कराना है कि दिनांक 23/24 जनवरी 2019 को चर्चा के दौरान NCRES ने स्थिति को स्पष्ट किया था और निर्णय लिया गया था कि गेट को शिफ्ट करने की फीजिबिलिटी जांचने हेतु हेडक्वाटर द्वारा निरीक्षण किया जायेगा, परन्तु खेद के साथ अवगत कराना है कि लगभग डेढ़ माह बीतने के बावजूद अभी तक निरीक्षण नही किया गया है।

अतः NCRES की मांग हे कि रेलवे कर्मचारियों एवं उनके स्कूली बच्चो को गेट पर घन्टों इन्तजार कराने से बचाने हेतु उक्त गेट को शिफ्ट करने के लिये जल्द से जल्द फीजिबिलिटी निरीक्षण की तिथि निश्चित की जाय।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री

प्रतिलिपि : मुख्य कार्मिक अधिकारी, इलाहाबाद